118089 - आईलाइनर से आइब्रो बनाना और अनजाने में कुछ बालों का झड़ना

प्रश्न

मैं आपसे कोहल पेंसिल से आइब्रो बनाने के बारे में पूछना चाहती हूँ, जैसे कोहल के साथ आँख खींचना। लेकिन खींचते समय कभी-कभी अनजाने में भौंहों के कुछ बाल निकल जाते हैं। क्या इसमें मुझ पर कोई पाप है? हालाँकि मैं जानबूझकर ऐसा नहीं करती हूँ।

विस्तृत उत्तर

आईलाइनर (कोहल पेंसिल) के साथ आइब्रो (भौंह) खींचने, या उसे शरीर के रंग के समान रंग के साथ रंगने में कोई हर्ज नहीं है; इसका आधार मूल सिद्धांत पर अमल करना है, और वह अनुमेय होना है। (क्योंकि चीज़ों में मूल सिद्धांत अनुमेयता है), जैसा कि प्रश्न संख्या : (103345) के उत्तर में बताया जा चुका है।

यदि इस दौरान भौंहों के कुछ बाल अनजाने में गिर जाएँ, तो इसमें आपपर कोई हर्ज नहीं है; क्योंकि सर्वशक्तिमान अल्लाह का फरमान है :

﴿رَبَّنَا لَا تُؤَاخِذْنَا إِنْ نَسِينَا أَوْ أَخْطَأْنَا﴾

[البقرة:286].

“ऐ हमारे पालनहार! यदि हम भूल गए हों या हमसे गलती हो गई हो, तो हमारी पकड़ न करना।” (सूरतुल बक़रा : 286)

तथा अल्लाह का फरमान है :

﴿وَلَيْسَ عَلَيْكُمْ جُنَاحٌ فِيمَا أَخْطَأْتُمْ بِهِ وَلَكِنْ مَا تَعَمَّدَتْ قُلُوبُكُمْ وَكَانَ اللَّهُ غَفُورًا رَحِيمًا﴾

[الأحزاب:5]

“और तुमपर उसमें कोई दोष नहीं है, जो तुमसे ग़लती से हो जाए, लेकिन (दोष उसमें है) जो तुम अपने दिल के इरादे से करो। तथा अल्लाह हमेशा बड़ा क्षमा करने वाला, अत्यंत दयावान् है।” (सूरतुल अहज़ाब : 5)

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।